>

Title: Regarding two laning of Saraighat bridge in Guwahati.

श्रीमती क्वीन ओझा (गौहाटी): अध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र से संबंधित एक लोक महत्व विषय पर बोलना चाहती हूँ । **…**(व्यवधान) मेरे संसदीय क्षेत्र गौहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी के साराघाट पुल के नीचे रेलवे की सिंगल लाइन है । **…**(व्यवधान) सिंगल ट्रैक होने के कारण यहां काफी गतिरोध रहता है । …(व्यवधान) मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता इस सिंगल ट्रैक को डबल करने की मांग काफी लंबे समय से करती रही है । …(व्यवधान) यदि इस रेल लाइन को डबल ट्रैक कर दिया जाए तो यात्रियों की आमद भी बढ़ेगी और मालगाड़ी के दृष्टिकोण से भी यह रेलवे के लिए काफी लाभदायक रहेगा । …(व्यवधान) ऐसा होने से मेरे संसदीय क्षेत्र सहित पूरे नॉर्थ-ईस्ट क्षेत्र में हो रहे विकास को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक संदेश जाएगा । …(व्यवधान)